www.printo.it/pediatric-rheumatology/IN_HI/intro

ड्रग थेरेपी

के संस्करण 2016

6. सायक्लोफोसफामाइड

6.1 विवरण

यह एक प्रतिरक्षा कम करने वाली दवा है जो सूजन को कम करती है। यह कोशिकाओं के विभजन में रोक लगाती है DNA के उत्पादन को कम करती है तथा इसलिए उन कोशिकाओं पर प्रभाव डालती है जो तेजी से विभाजित होते है और बढ़ती हैं (जैसे रक्त कणिकाओं बाल तथा आंत की कोशिकाएं) सफेद रक्त कणिकाएं जिन्हे लिम्फोसाइट कहते है सबसे अधिक प्रभावित होते है तथा उनके कार्य और संख्या में बदलाव प्रतिरोधकता के कम होने का कारण स्पष्ट करता है। इसका उपयोग कुछ तरह के कैंसर के इलाज में किया जाता है। गठिया संबंधी रोगों में इसे इंटरमिटेंट थेरेपी के रूप में उपयोग किया जाता है जिससे दुष्प्रभाव कम होते है।

6.2 डोज / देने का तरीका

साइक्लोफोस्फामाइड खाने की दवा के रूप में (१-२ मिग्रा /किग्रा प्रतिदिन) अथवा ज्यादतर नसों द्दारा दिया जाता है। (अक्सर हर महिने पल्स थेरेपी ०.५ - १ ग्रा / मि२ x ६ माह तथा उसके बाद २ पल्स हर ३ महीने में या ५०० मिग्रा / मि२ डोज ६ पल्स हर २ हफ्ते में।)

6.3 दुष्प्रभाव

सायक्लोफोसफामाइड प्रतिरक्षा को बहुत कम करती है तथा इसके कई प्रभाव हैं जिनकी नियमित जाँच जरूरी है। सबसे आम मितली और उल्टी की शिकायत है। यह बालों को कमजोर करती है।

कभी कभी सफेद रक्त कणिकाओं तथा प्लेटलेट संख्या काफी कम हो जाती है तब डोज को कम किया जाता है या कुछ समय के लिए दवा बंद कर दी जाती है।

पेशाब में खून का आना भी हर महीने नसों द्दारा इंजेक्शन की तुलना में रोज खाने वाली दवाओं से अधिक होता है। अधिक मात्रा में पानी पीनेसे इस प्रभाव को कम किया जा सकता है। नसों द्दारा इंजेक्शन देने के बाद काफी मात्रा में फ्लूइड दिया जाता है जो शरीर से साइक्लोफोस्फामाइड को बाहर निकालता है। लम्बे समय तक चलने वाले इलाज से गर्भ

धारण करने की क्षमता कम हो जाती है तथा कैंसर का खतरा बढ़ सकता है। इन सभी समस्याओं का खतरा मरीज को पिछले वर्षों में दी गई दवा के कुल डोज पर निर्भर करता है। साइक्लोफोस्फामाइड प्रतिरक्षा को कम करता है जिसका वजह से इन्फ़ेक्शन का खतरा बढ़ जाता है विशेष रूप से जब इसे कोर्टिकोस्टेरॉयड जैसी दवाओं के साथ दिया जाता है जो स्वयं प्रतिरक्षा को प्रभावित करती है।

6.4 मुख्य बाल गठिया रोग संबन्धी उपयोग.

जुवेनाइल सिस्टेमिक लुपस एरिथिमतोसिस

कुछ सिस्टिमिक वास्कूलिटिस

">http://labels.fda.gov http://labels.fda.gov